Young authors Aditya Sudershan and Rachna Joshi also read extracts from their works. Aditya Sudershan's debut novel A Nice Quiet Holiday was discussed by him and Maya Joshi. Rachna Joshi read a few poems from her book Crossing the Vaitarna.There were recitations from Narendra Singh Negi and another folk singer Girda, Atul Sharma and Jagdish Joshi .Murali Manohar Prasd Singh read the poetry of Sahir Ludhianvi. On the last day there was a very lively discussion between Hindi authors like Mamta Kalia, Shekhar Joshi, Himanshu Joshi and Subhash Pant. It was moderated by Hammad Farooqui. The subject was the themes and perspectives of the modern Hindi story. KN Darruwala read a poem as well as the story A House in Ranikhet. Stephen Alter read from his non fictional work The Sacred Waters. Ruskin Bond talked about his experiences as a nature writer. In the end there was a slide show titled Uttarakhand Gatha Visuals displaying different aspects of Uttarakhand were shown with appropriate explanations by Shekhar Pathak. Some visuals were explained by songs sung by Narendra Singh Negi and Girda. At the end Dr BK Joshi thanked everyone who attended the festival announced the conclusion of Doon Readings.

## साहित्योत्सव

### दून रीडिंग्स : हिमालय की गूंज

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के तत्वाधान में पेंगुइन बुक्स इंडिया और यात्रा बुक्स द्वारा देहरादून में वर्ष 2008 में दो दिवसीय साहित्यिक उत्सव (पर्वतों की गूंज) का आयोजन किया गया। पाठांश वाचन, परिचर्चा व रचनाकारों से बातचीत के माध्यम से साहित्य को आम पाठकों तक पहुंचाने की कोशिश इस कार्यक्रम

## *Programme*

**Friday April 2**

6.00 p.m. Introductory remarks: **Dr. B.K. Joshi**, Director Doon Library and Research Centre

Inauguration: **Shri N.S. Napalchyal**, Chief Secretary, Uttarakhand
Readings and recitations: Prasoon Joshi with **Liladhar Jaguri, Manglesh Dabral** and **Shekhar Pathak**

7.30 p.m. Pahadi folk music by traditional Jagar singer **Smt. Basanti Bisht**

8.00 p.m. Dance performance: Choreographed ballet based on myths of the Ganges presented by **Tom Alter and Sharmila Bhartari**

8.30 p.m. Dinner sponsored by Gail (India) Ltd.

**Saturday April 3**

10.00 a.m. Winds of Change: **O.P. Valmiki** in conversation with **S.S. Nirupam** and **Namita Gokhale**

10.45 a.m. Book launch: **Viky Arya** and **Vishvjit**; Introduced and moderated by **Neeta Gupta**

Chief Guest: **Dr. Haridatt Bhatt 'Shailesh'**

11.30 a.m. Unleashing Nepal: **Sujeev Shakya** in conversation with **Amitabha Pande**

12.15 p.m. Kumaon ki Goonj: **Ira Pande** reads from T'ta Professor by **Manohar Shyam Joshi** and Diddi: My Mother's Voice (Hindi/ English) followed by a conversation with **Vaishali Mathur**

1.00 p.m. Lunch

2.30 p.m. In Search of Sita: **Namita Gokhale** and **Malashri Lal**

3.15 p.m. **Aditya Sudarshan**, author of A Nice Quiet Holiday, in conversation with **Maya Joshi**

4.00 p.m. Poetry reading: **Rachna Joshi**

4.30 p.m. Tea/ Book launch: Flowers and Elephants, published by **Natraj Publishers**

5.00 p.m. Readings by Uttarakhand poets **Girda, Atul Sharma, Narendra Negi** and **Jagdish Joshi**; Introduced by **Nirupam**

5.45 p.m. Launch of Penguin-Yatra music books series with Murli Manohar Prasad Singh, Yatindra Mishra, Manglesh Dabral; Moderated by S.S. Nirupam

की मुख्य विशेषता रही। इस कार्यक्रम को देहरादून के साहित्य प्रेमियों द्वारा बहुत सराहा गया। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र ने इस बार पुनः 2, 3 व 4 अप्रैल 2010 को तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'दून रीडिंग्स' हिमालय की गूंज का आयोजन होटल अकेता, देहरादून में किया। कार्यक्रम के आयोजन के लिये हमें उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् व गेल इण्डिया से सहयोग प्राप्त हुआ। इस साहित्योत्सव में देश के नामचीन लेखकों सहित हिमालय और उत्तराखण्ड के परिवेश से जुड़े हिन्दी व अग्रेंजी के कई साहित्यकारों ने भाग लिया।

2 अप्रैल को सायं 6:00 बजे 'उत्तरा' शिक्षा केन्द्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत वन्दना गीत व उत्तराखण्ड शासन के मुख्य सचिव श्री एन0एस0 नपलच्याल द्वारा किये गये दीप प्रज्जवलन से इस साहित्योत्सव का शुभारम्भ हुआ। उत्तराखण्ड के राज्यपाल श्रीमती




माग्रेट अल्वा द्वारा इस आयोजन के लिये भेजे गये शुभकामना संदेश को निदेशक प्रो0 बी0 के0 जोशी ने पढ़कर सुनाया। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र पुस्तक प्रेमियों की एक लोकप्रिय जगह है, जो वर्त्तमान में अब कला और संस्कृति के केन्द्र के रुप में भी उभर कर सामने आ रहा है। उन्होंने अपने संदेश में साहित्योत्सव के लिये की गयी पहल के लिये बधाई दी और कार्यक्रम की सफलता की कामना की। 'काव्य मंजूषा' के अन्तर्गत हिन्दी के वरिष्ठ कवि लीलाधर जगूड़ी व मंगलेश डबराल और उत्तराखण्ड के सुपरिचित गढ़वाली लोकगायक नरेन्द्र नेगी व अमेरिकी मूल के भारतीय हिंदी सिनेमा व टीवी के कलाकार टॉम आल्टर ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम का संचालन शेखर पाठक ने किया। उत्तराखण्ड के लोक संगीत पर बसंती बिष्ट और उनके साथियों ने जागर व लोकगीतों का प्रस्तुतीकरण किया। टॉम आल्टर व शर्मिला भरतरी द्वारा प्रस्तुत गंगा पर आधारित नृत्य नाटिका को दर्शकों ने खूब पसन्द किया। श्रीमती बीना जोशी ने रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित बांग्ला कविता की सस्वर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन निदेशक प्रो0 बी0 के0 जोशी ने किया।

साहित्योत्सव के दूसरे दिन प्रथम सत्र में हिंदी के सुप्रसिद्ध दलित लेखक ओमप्रकाश बाल्मीकि के साथ 'द विण्ड्स ऑफ चेन्ज' (परिवर्त्तन की बयार) विषय पर एस एस निरुपम और नमिता गोखले की बातचीत हुई। जिसके पश्चात पूर्व राज्यसभा सांसद विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह की पुस्तक 'कुछ शब्द कुछ लकीरें' का लोकार्पण डॉ0 हरिदत्त भट्ट 'शैलेश' ने किया और विकि आर्य ने अपनी पुस्तक 'बंजारे ख्वाब' से कुछ रचनाओं का पाठ किया। नेपाल के सुपरिचित स्तम्भकार व बिजनैस एक्जीक्यूटिव सुजीव शाक्या से पूर्व आई0ए0एस0 अधिकारी

| | |
|---|---|
| 8.00 p.m. | Performance from Penguin-Yatra music books series: **Samarjit's Band** at Great Value Hotel |
| 8.30 p.m. | Dinner (for delegates only) hosted by Doon Library |
| **Sunday April 4** | |
| 10.00 a.m. | Aaj Ki Hindi Kahani in the context of Penguin-Yatra Shreshtha Kahaniyan series<br><br>Participants: **Himanshu Joshi, Mamta Kalia, Manglesh Dabral, Vidyasagar Nautiyal, Subhash Pant, Shekhar Joshi**; Introduced and moderated by **M. Hammad Faruqui** |
| 10.45 a.m. | Writing about Nature: **Ruskin Bond**; Introduced by **Ravi Singh** |
| 11.30 a.m. | Readings: **Keki Daruwalla** and **Stephen Alter** |
| 12.15 a.m. | Uttarakhand Gatha: The Story of Uttarakhand by **Shekhar Pathak;** Introduced by Stephen Alter; Moderated by **Pushpesh Pant** |
| 1.00 p.m. | Vote of thanks and lunch |





लेखक स्टीफन ऑल्टर ने अपनी कृति से कुछ अंशों का पाठ किया। कार्यक्रम का समापन प्रो0 शेखर पाठक के स्लाइड शो उत्तराखण्ड गाथा के प्रदर्शन से हुआ। गिरदा व नरेन्द्र नेगी ने इस स्लाइड शो में पार्श्व गीत गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक प्रो0 बी0 के0 जोशी ने साहित्योत्सव में आये लेखकों साहित्यकारों व कार्यक्रम में आये साहित्य प्रेमियों का आभार प्रकट किया और दून रीडिंग्स 'हिमालय की गूंज' कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

अमिताभ पाण्डे ने बात की। इस बातचीत में सुजीव शाक्या की पुस्तक 'अनलीशिंग नेपाल' के माध्यम से नेपाल के विकास, आर्थिकी, जनजीवन व राजनीतिक सर्न्दभों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद इरा पाण्डे ने मनोहरश्याम जोशी के चर्चित उपन्यास ट'टा प्रोफेसर के अंग्रेजी रुपान्तरण के अंशो का पाठ किया। उन्होंने दिद्दी : मेरी मां की आवाज के अंशो का भी पाठ किया। नमिता गोखले व मालाश्री लाल द्वारा संपादित 'इन सर्च ऑफ सीता' पुस्तक का परिचय नमिता गोखले ने दिया। इस पुस्तक में भारतीय नारीत्व व शक्ति की प्रतीक सीता से जुड़े विविध पहुलुओं का जिक्र किया गया है। 'इन सर्च ऑफ सीता' से सम्बन्धित एक छोटी फिल्म भी प्रर्दर्शित की गयी। युवा लेखक आदित्य सुर्दशन ने अपने पहले उपन्यास 'ए नाइस क्वायट हॉली डे' के खास अशों का पाठ किया। इस उपन्यास पर माया जोशी के साथ आदित्य सुर्दशन की चर्चा हुई। अगला कार्यक्रम रचना जोशी का काव्य पाठ था, जिसके बाद नटराज पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'फ्लॉवर्स एण्ड एलीफेण्ट' का विमोचन किया गया। उत्तराखण्ड के सुपरिचित लोकगीतकार एवं गायक गिरदा व नरेन्द्र नेगी तथा डॉ0 अतुल शर्मा व जगदीश जोशी का काव्य पाठ अत्यन्त प्रभावशाली रहा, काव्य पाठ का संचालन शेखर पाठक ने किया।

साहित्योत्सव के तीसरे दिन के सत्र में सबसे पहले आज की हिन्दी कहानी विषय पर एक परिचर्चा हुई जिसमें हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकारों हिमांशु जोशी,शेखर जोशी, ममता कालिया व सुभाष पंत ने भाग लिया इस परिचर्चा का संचालन दून स्कूल के हिन्दी विभागाध्यक्ष एम0 हम्माद फारुखी ने किया। प्रकृति एंव बालसाहित्य के शीर्षस्थ रचनाकार रस्किन बाण्ड ने अपने प्रकृति से जुड़े लेखन के तमाम अनुभव उपस्थित लोगों को सुनाये। इसके बाद मशहूर कवि के0के0 दारुवाला ने अपनी कविताओं तथा प्रतिष्ठित

## व्याख्यान

| | | |
|---|---|---|
| व्याख्यान | : | उत्तराखण्ड के सामाजिक इतिहास लेखन की समस्याएं |
| वक्ता | : | प्रो0डी0 डी0 शर्मा |
| दिन | : | 4 अप्रैल 2010 |
| समय | : | अपराह्न 5:30 बजे |
| स्थान | : | होटल अकेता, राजपुर रोड, देहरादून |

प्रसिद्ध भाषाविद् व पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में संस्कृत के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष रहे प्रो0 डी0डी0 शर्मा का उत्तराखण्ड के सामाजिक इतिहास लेखन की समस्याएं विषय पर व्याख्यान का आयोजन 4 अप्रैल 2010 को होटल अकेता में अपराह्न 5:30 बजे किया गया।




प्रो0 शर्मा ने उत्तराखण्ड के सामाजिक इतिहास लेखन विषय से जुड़े विविध तथ्यों व प्रश्नों को उपस्थित श्रोताओं के सम्मुख रखा। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र विशेष का सामाजिक इतिहास वहां की बोलचाल, लोकगीत, लोकसंस्कृति व सामाजिक-धार्मिक परम्पराओं में अन्तर्निहित होता है। सामाजिक इतिहास लेखन के समय इन बातों पर यथोचित ध्यान दिया जाना बहुत जरुरी है। प्रो0 शर्मा का कहना था कि यह एक बड़ी बिडम्बना है कि जो इतिहासकार साहस जुटाकर अतीत की वास्तविकता की तस्वीर समाज के सामने रखने का प्रयत्न करते हैं उन्हें आलोचना के साथ-साथ अपमान का दशं भी झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड के सामाजिक इतिहास के अध्ययन की दिशा में अभी ज्यादा गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। प्रो0 शर्मा के अनुसार यहां की मध्य पहाड़ी बोलियों में अभी भी कई परम्परागत बन्धुत्ववाचक शब्द हैं इनके भाषिक प्रयोगों के आधार पर अतीत की अनेक सामाजिक प्रथाओं का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रो0डी0 डी0 शर्मा ने उत्तराखण्ड के युवा उत्साही इतिहासकारों से यहां के प्राचीन सांस्कृतिक व सामाजिक इतिहास के उपेक्षित पक्षों को प्रकाश में लाकर उन अध्ययन व शोधकार्य करने की अपील की।

इस व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नृप सिंह नपलच्याल, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गयी। डॉ0 रघुनन्दन सिंह टोलिया, मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड तथा श्री इन्दु कुमार पाण्डे, अध्यक्ष तृतीय वित्त आयोग उत्तराखण्ड इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद थे। संचालन दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक प्रो0 बी0 के0 जोशी ने किया। इस अवसर पर देहरादून के इतिहासकार, बुद्धिजीवी, शोध छात्र व अन्य लोग उपस्थित थे।

## काव्य सन्ध्या

### कवियों के नाम एक शाम

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र तथा 'नवोदित स्वर' साप्ताहिक पत्रिका के तत्वाधान में 11 अप्रैल 2010 को चेशायर होम के सभागार में सायं 4:30 बजे काव्य सन्ध्या का आयोजन किया गया। जिसमें देहरादून के कवि और गीतकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। काव्य सन्ध्या के दौरान डॉ0 पुरुषोत्तम उपाध्याय के काव्य संग्रह 'सान्ध्य स्वर' का विमोचन भी किया गया। काव्य सन्ध्या में डॉ0 बुद्धिनाथ मिश्र मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 बी0के0 जोशी ने की। काव्य सन्ध्या में डॉ0 बुद्धिनाथ मिश्र, डॉ0 राम विनय सिंह, डॉ0 पुरुषोत्तम उपाध्याय, डॉ0 मधु मैखुरी, रतन सिंह जौनसारी, जयभगवान सिंह याद, डॉ0 रेणु पन्त, नदीम बरनी, विपिन बिहारी सुमन, जिया नहटौरी व आशुतोष शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं को अपनी रचनाएं सुनायीं, कार्यक्रम का संचालन रजनीश त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर देहरादून के कई साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।




## जन्मदिन

### महान साहित्यकार विलियम शेक्सपियर को याद किया

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से 24 अप्रैल 2010 को अंग्रेजी साहित्य के महान साहित्यकार विलियम शेक्सपियर के जन्मदिन पर उनको याद किया गया। शेक्सपियर का जन्म 23 अप्रैल 1564 को हुआ था। शेक्सपियर के जन्मदिवस पर देहरादून के साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों ने उनकी प्रसिद्ध कृतियों के खास अंश पढ़कर सुनाये। दून स्कूल के पूर्व हेड मास्टर जॉन मेंसन ने 'मर्चैन्ट ऑफ वेनिस', शान्ती वर्मा ने 'हेमिंग ऑफ स्रू', देवेन्द्र मजूमदार ने 'पेसेनिट पिलग्रिम', शेखर राहा ने 'हेनरी पंचम' व सायला ब्रजनाथ ने 'जूलियस सीजर' से अंशो को पढ़कर सुनाये। वेल्हम ब्वायज के शुभम् अग्रवाल ने विलियम शेक्सपियर का परिचय तथा उनकी कृतियों व विशेषताओं की जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी। कार्यक्रम का संचालन दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के सलाहकार राजन बृजनाथ ने किया। कार्यक्रम में देहरादून के लेखक, पत्रकार व साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।






## Book Review

### Parthsarathy Gupta, Power, Politics, and The People,Studies in British Politics and Indian Nationalism, New Delhi, 2001

Prof Parthasarathy Gupta or just PSG to his students was one of the most meticulous researchers of Modern Indian History. His observations were based on a very thorough study of archival sources available both in India as well as in England. His area of study was British Imperialism. The institutional and ideological framework, the various lobbies influencing imperial policy, its response to the forces of nationalism and the rise of the Labor Party after the first World War and how this major change in British politics influenced imperial policy. It was this thorough knowledge of the subject which enabled him to sum up the broad contours of the British imperial policy after the first World War in a single sentence.'The right hand would stretch itself and say that the empire has to be controlled with an iron hand while the left would search the pocket and say but where is the money for it.'

Essays written by Prof Gupta on this subject dealing with the period from 1880 to 1947 have been compiled and published in a book form after his death in 1999. The style of writing is very lucid and therefore very easy to understand. Even a lay reader will find it an interesting read and his interest in this very fascinating subject will be stimulated. One essay on Imperial Strategy and the Transfer of Power, 1939-1951 provides great




insight into the emergence of the Kashmir problem. After 1945 when the modalities of the transfer of power were being worked out the British were not wanting to partition India as the proposed state of Pakistan was not going to serve the imperial interest of Britain. They hoped to hold onto India by taking advantage of the communal imbroglio for some more time. However,the post 1946 communal violence cut short their options. Another essay on India in Commonwealth Defence, 1947-1956 gives an insight into the perception of the West regarding the role of India. There are essays on the process of the Indianisation of the Army and the growth of an industrial working class in India between 1880 to 1920.

The essay on the Courts and the Quit India movement will interest students interested in the functioning of the judiciary. During the 1942 movement the colonial judiciary upheld the principle of an individual's right to natural justice. There are interesting references to some court cases concerning persons arrested during the movement. Radio and the Raj discuses the various debates taking place while introducing a state controlled radio in India. There is also an essay on the role of music especially folk music in politicizing the masses in Bengal. The compositions of DL Roy and Nazrul Islam are analyzed in some detail.

- Manoj Panjani

## सर्वेक्षण

### दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के पाठकगणों का सर्वेक्षण : प्रारंभिक नतीजे

**बी. के. जोशी एवम् चन्द्रशेखर तिवारी**

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के अध्ययन कक्ष का उपयोग अब पाठकों द्वारा नियमित रुप से किया जा रहा है। दिन में किसी भी समय 10 –16 लोगों को यहां पर बैठे और पढ़ते हुए देखा जा सकता है। पाठकों से सामान्य परिचय, अध्ययन कक्ष का उपयोग कितनी बार किया जाता है, अध्ययन कक्ष में औसतन कितना समय व्यतीत करते हैं, पुस्तकालय के, उपयोग करने का प्रयोजन, किस तरह की सामग्री से जानकारी प्राप्त करते हैं तथा पुस्तकालय के सुधार के सम्बन्ध में सुझावों को प्राप्त करने के लिये हमारे द्वारा एक त्वरित सर्वेक्षण किया गया। एक संक्षिप्त प्रश्नावली के माध्यम से हमारे द्वारा सप्ताह भर के भीतर अध्ययन कक्ष का उपयोग कर रहे पाठकों से यह जानकारी जुटायी गयी। इस सन्दर्भ में हमें 60 पाठकों से जवाब मिले। सर्वेक्षण के प्रारंभिक नतीजे यहां प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

हमारे इन 60 पाठकों के प्रतिदर्श सर्वेक्षण में 48 (80 प्रतिशत) पुरुष तथा मात्र 12 (20 प्रतिशत) महिलाएं थीं। लिंग अनुपात का यह प्रबल असन्तुलन विचारणीय है। महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों की संख्या अधिक होने के तथ्य को हमने पूर्व में भी उजागर करने की कोशिश की है। छानबीन में हमने पाया है कि लिंग अनुपात का यह असन्तुलन पुस्तकालय अथवा अध्ययन कक्ष से नहीं, अपितु युवा महिलाओं विशेषकर छात्राओं पर परिवार की ओर से लम्बे समय तक घर से बाहर

न रहने दिये जाने वाले सामान्य प्रतिबन्ध से सम्बन्धित है। इस कारण अक्सर ये युवा महिलाएं अपने को पुस्तकालय में पुस्तकों के लेन देन तक ही सीमित रख पाती हैं। वे न तो अध्ययन कक्ष में बैठती हैं और नहीं पुस्तकों व पत्र पत्रिकाओं से जानकारी प्राप्त करती हैं। आयु वर्गानुसार पाठकों के वितरण (तालिका -1) से यह ज्ञात होता है कि सर्वाधिक पाठक (55 प्रतिशत) 21-25 आयु वर्ग के हैं। इसके बाद 26-35 आयु वर्ग के पाठकों की संख्या (22 प्रतिशत), 21 वर्ष से कम (10 प्रतिशत), 36-50 आयु वर्ग के पाठकों की संख्या (8 प्रतिशत) तथा 50 वर्ष से अधिक पाठकों की संख्या (5 प्रतिशत) है। पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष का उपयोग करने वालों में सबसे कम उम्र का पाठक 19 वर्ष व सर्वाधिक बुर्जुग पाठक 81 वर्ष के हैं।

**तालिका -1**

आयु वर्गानुसार पाठकों का वितरण

| आयु वर्ग (वर्ष) | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 21 वर्ष से कम | 6 | 10 |
| 21-25 | 33 | 55 |
| 26-35 | 13 | 22 |
| 36-50 | 5 | 8 |
| 50 वर्ष से अधिक | 3 | 5 |
| कुल | 60 | 100 |

व्यावसायिक संवर्ग के आधार पर पाठकों का वर्गीकरण करने पर विदित होता है कि अध्ययन कक्ष का उपयोग करने वाले पाठकों में छात्रों की संख्या सबसे अधिक (82 प्रतिशत) है। इसके पश्चात नौकरी पेशा लोगों की संख्या (7 प्रतिशत) है। जबकि सेवानिवृत लोगों की (7 प्रतिशत), गृहणियों की (3 प्रतिशत) तथा अध्यापकों व अन्य की संख्या (प्रत्येक की 1.6 प्रतिशत) है।

अध्ययन कक्ष के उपयोग की आवृति तालिका-2 में प्रदर्शित की गयी है। तालिका से ज्ञात होता है कि आधे से अधिक (60 में से 32) उत्तरदाताओं ने प्रत्येक दिन अध्ययन कक्ष का उपयोग करने की बात कही है। 10 पाठकों ने सप्ताह में 2-3 बार अध्ययन कक्ष का उपयोग करने की बात बतायी। जबकि शेष 18 पाठकों में से प्रत्येक 6 पाठकों ने सप्ताह में 1 बार या महीने में 2-3 बार अथवा यदा-कदा दिन अध्ययन कक्ष का उपयोग करने की बात कही है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि 70 प्रतिशत उत्तरदाता अध्ययन कक्ष के नियमित उपयोग कर्त्ता हैं। निसन्देह पाठकों की इतनी बडी़ संख्या हमारे पुस्तकालय के लिये सन्तोष की बात है।

**तालिका -2**

अध्ययन कक्ष के उपयोग की आवृति

| आवृति | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| प्रत्येक दिन | 32 | 53 |
| सप्ताह में 2-3 बार | 10 | 17 |
| सप्ताह में 1 बार | 6 | 10 |
| महीने में 2-3 बार | 6 | 10 |
| यदा कदा | 6 | 10 |
| कुल | 60 | 100 |

पाठकों द्वारा अध्ययन कक्ष के उपयोग की आवृति जानने के साथ ही पाठकों द्वारा अध्ययन कक्ष में औसतन कितना समय व्यतीत किया जाता है इसे जानना भी महत्वपूर्ण है। इस बात की जानकारी तालिका-3 में दी जा रही है। सर्वाधिक 23 (39 प्रतिशत) पाठक 4 घण्टे या उससे अधिक समय अध्ययन कक्ष में व्यतीत करते हैं। जबकि अन्य 23 (39 प्रतिशत) पाठक भी 1-3 घण्टे का समय अध्ययन कक्ष में बिताते हैं। केवल 5 (8 प्रतिशत) पाठक 1 घण्टे से कम समय तथा 7 (12 प्रतिशत) पाठक 3-4 घण्टे का समय अध्ययन कक्ष में बिताते हैं।उल्लेखनीय है कि पाठक अध्ययन कक्ष का न केवल बारम्बार उपयोग करते हैं अपितु उनमें से अधिकांशत: अपना यथेष्ट समय यहां व्यतीत करते हैं। तालिका से यह स्पष्ट हो जाता है कि कुल पाठकों का एक बड़ा हिस्सा (68 प्रतिशत) औसतन 2 से अधिक घण्टे का समय अध्ययन कक्ष में बिताता है।

**तालिका -3**

अध्ययन कक्ष में औसतन बिताया गया समय

| बिताया गया समय (घण्टे) | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 और उससे कम | 5 | 8 |
| 1-2 | 12 | 20 |
| 2-3 | 11 | 18 |
| 3-4 | 7 | 12 |
| 4-5 | 11 | 18 |
| 5 से अधिक | 12 | 20 |
| कोई उत्तर नहीं | 2 | 3 |
| कुल | 60 | 100 |

हमारे द्वारा पाठकों से जो अगली जानकारी जुटायी गयी वह थी कि वे किस प्रयोजन से इस पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। इसकी सुसंगत जानकारी तालिका-4 में दी जा रही है। सर्वाधिक 38 पाठकों (63 प्रतिशत) का कहना था कि वे विविध प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष का उपयोग करते हैं। दूसरे स्थान पर उन पाठकों की संख्या रही जो शोध के लिये इसका उपयोग करते हैं, ऐसे पाठकों की संख्या 10 (17 प्रतिशत) थी। इसके पश्चात व्यक्तित्व सुधार के लिये आने वाले पाठकों की संख्या 7 (12 प्रतिशत) महत्वपूर्ण है। 4 (7 प्रतिशत) पाठक अन्य प्रयोजनों व 1 (2 प्रतिशत) पाठक विश्व विद्यालय परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष का उपयोग कर रहे हैं।

**तालिका -4**

अध्ययन कक्ष के उपयोग का प्रयोजन

| प्रयोजन | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी | 38 | 63 |
| विश्व विद्यालय परीक्षा की तैयारी | 1 | 2 |
| शोध | 10 | 17 |
| व्यक्तित्व सुधार | 7 | 12 |
| अन्य | 4 | 7 |
| कुल | 60 | 100 |

जैसा कि पूर्व में चर्चा की जा चुकी है, यह वितरण भी वास्तव में पाठकों के आयु व

व्यावसायिक वितरण के अनुरूप है। छात्र समुदाय यहां का सबसे बड़ा पाठक वर्ग है, जिसके अन्तर्गत विविध प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले अथवा शोध छात्र शामिल हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले छात्र अधिकांशत: कोचिंग सैण्टर में पढ़ना पसन्द करते हैं। कालेज एवं विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक के छात्रों का पुस्तकालय की ओर बहुत अधिक आकर्षण नहीं है। संभवत: अध्ययन के इच्छुक ज्यादातर छात्रों को दिन में अध्ययन कक्ष के खुले रहने के दौरान अपनी कक्षाओं में व्यस्तता के कारण समय नहीं मिल पाता होगा।

पाठकों द्वारा किस तरह की पठन सामग्री से जानकारी प्राप्त की जाती है इस ओर भी हमारी उत्सुकता रही। 55 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे पुस्तकों से सामग्री प्राप्त करते हैं। जबकि 22 प्रतिशत ने प्रतियोगी सम्बन्धित पुस्तकों से, 8 प्रतिशत ने शोध पत्रिकाओं व 13 प्रतिशत ने पत्रिकाओं से सामग्री प्राप्त करने की बात कही। (विवरण के लिये तालिका - 5 देखें)। पाठकों द्वारा दिये गये इन उत्तरों को तालिका - 4 से सम्बन्धित करने पर यह बात खास तौर से विचारणीय लगती है कि हांलाकि हमारे अधिकांश पाठक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिये पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष का उपयोग कर रहे हैं जिसमें से मात्र 13 पाठक ही प्रतियोगी सम्बन्धित पुस्तकों पर निर्भर हैं, अन्य सामान्य पुस्तकों से सामग्री प्राप्त करते हैं।

**तालिका - 5**

किस तरह की पठन सामग्री से जानकारी प्राप्त करते हैं

| पठन सामग्री | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| पुस्तकें | 33 | 55 |
| शोध पत्रिकाएं | 5 | 8 |
| पत्रिकाएं | 8 | 13 |
| प्रतियोगी सम्बन्धित पुस्तकें | 13 | 22 |
| कोई उत्तर नहीं | 1 | 2 |
| कुल | 60 | 100 |

अन्त में हमने पाठकों से पुस्तकालय और प्रदत सुविधाओं के सुधार के बारे में भी सुझाव मांगे। इस संदर्भ में हमें कुल उत्तरदाताओं में से केवल 36 (60 प्रतिशत) से ही उत्तर मिले। जिसमें से 11 ने शोध के लिये और अधिक पुस्तकों व पत्रिकाओं के होने, 4 पाठकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री होने, 7 ने लॉकर जैसी सुविधाओं के होने तथा अन्य 7 पाठकों ने अधिक स्थान व अध्ययन कक्ष का फर्नीचर होने का सुझाव दिया।

कुल मिलाकर 58 (97 प्रतिशत) पाठकों ने अपनी राय जाहिर की कि वे पुस्तकालय द्वारा प्रदत सुविधाओं व अध्ययन कक्ष से संतुष्ट हैं। केवल 2 (3 प्रतिशत) पाठकों ने इस बारे में अपनी असंतुष्टि प्रकट की।

## *Education*

### Ghaas Kaatne ke liye Bhi Taleem Zaroori Hai

This was the essence of a survey which I conducted in the Sikandrabad town of Bulandshahar district to study the Muslim attitude towards education in 1996 - 97. During this study I interacted with persons who were the first generation recipients of education. The occupational profile of the Muslim community in India is predominantly artisan. The perception was that when one has to follow one's family vocation what is the point in having education. This was the main reason for a high level of illiteracy among Muslims. But now those attitudes are changing. There is a feeling that education makes a person more able. Even if the person has to pursue his family vocation education is going to enable him to do his work in a better manner.

Such an attitude is a very good example to be emulated by the educated youth which feels demoralized if they do not get employment worthy of their educational qualifications. Education should give them the confidence that whatever work they do would be much better than the work done by the others because they are educated.

-Manoj Panjani

### HOW'S YOUR BOSS ???

This one is for those of us who have ever worked for a boss who reacts before getting the facts and thinking things through!

Company X, feeling it was time for a shake-up, hired a new CEO and he was determined to rid the company of all slackers.

On a tour of the facilities, the new CEO noticed a guy leaning against a wall. The room was full of workers and he wanted to let them know that he meant business. He walked up to the guy at the wall and asked, 'How much money do you make a week?' A little surprised, the young man looked at him and replied, 'I make about $400 a week. Why'

The CEO then handed the guy $1,600 in cash and screamed, 'Here's four weeks' pay, now GET OUT and DON'T COME BACK!' The guy left without saying a word to the CEO.

Feeling pretty good with himself, the CEO looked around the room and asked, 'Does anyone want to tell me what that goof-ball did here?'

From across the room came a voice, 'Pizza delivery guy from Domino's.'

Source : from Internet



चित्र-निधि तिवारी




**दून रीडिंग्स: हिमालय की गूंज, 2–4 अप्रैल, 2010**

DOON LIBRARY
& Research Centre

Himadri is published quarterly by Dr B K Joshi on behalf of Doon Library & Research Centre, 21 Parade Ground, Dehradun 248001, Uttarakhand and printed at Shiva Offset Press, Dehra Dun. Ph: +91 135 2711485; Fax: +91 135 2713065;
E-mail: doonlib@yahoo.co.in; Website: www.doonlibrary.org